पुणना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Name					
Date	10-09-2020		9th	Roll No.	
Subject	HINDI	Marks -80	Hindi	Teacher's Sign	

First Summative Assessment

(खंड-1-पठन भाग)

***प्र-1-अ-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5)**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है -प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था| जीवन में सफल होने के लिए सघर्ष करने को अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें , सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभीपढ़ निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों को निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़- संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

प्र-1-मनुष्य को संघर्ष करने और सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कौन करता है?
प्र-2-प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है?
प्र-3-समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है?
प्र-4-संघर्ष रुपी विजय रथ पर चड़ने के लिए आवश्यक क्या है?
प्र-5-उचित शीर्षक लिखिए|

ब -निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5)

मैंने देखा
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है।
उसके नीचे
कुछ छोटेछोटे पौधे ।-
बड़े सुशील विनम्र

देखकर मुझको यों बोले
हम भी कितने ख़ुशकिस्मत हैं।
जो खतरों को नहीं सामना करते।
आसमान से पानी बरसे, आगी बरसे
आँधी गरजे
हमको कोई फ़िक्र नही है|
एक बड़े वर्ड की छत्रछाया के नीचे
हम अपने दिन बिता रहे है
बड़े सुखी है|

प्र-1-इस कविता में बरगद किसका प्रतीक है?

प्र-2-कौन खुश किस्मत है?

प्र-3-'आंधी 'गरजे से क्या तात्पर्य है?

प्र-4-छोटे पौधें कैसे जीवन बीता रहें है ?

प्र-5-बरगद के पेड़ की क्या विशेषता है?

(खण्ड-2-व्याकरण)

⁎प्र-2-निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र-1-वर्ण-विच्छेदन करिए- (1)

1-धूलि 2-संभावना

प्र-2-वर्ण-विच्छेदन से शब्द बनाइये- **(1)**

1-द+उ+र+ग+अ+म+अ 2-ध+व्+अ+न+इ

प्र-3-शब्दों क्र अर्थ लिखिए**-** **(2)**

1-गोधूलि 2-पंक

प्र-4-शब्दों को शुद्ध करके लिखिए- **(2)**

1-परनाम 2-ग्यानी

प्र-5-उपसर्ग अलग करिए- **(2)**

1-परोपकार 2-निरोगी

प्र- 6-निम्न शब्दों पर अनुस्वार लगाइए- **(1)**

1-निन्दा 2-यन्त्र

प्र-7-निम्न शब्दों पर अनुनासिका लगाइए- 1-पाच 2 -धुआ **(1)**

प्र-8-वाक्य को विराम चिह्न लगाइए**--** **(2)**

1-आप क्या कर रहे हैं 2-हाय मेरी कमर तोड़ दी

प्र-9-संधि-जोड़िये- (2)

1-हिम+आलय= 2-जगत+नाथ =

प्र-10-मुहावरे से वाक्य बनाइए- (2)

1-कान भरना - 2-छक्के-छुडाना -

(खंड-3-साहित्य भाग)

***प्र-3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (6)**

प्र-1-अखाड़े की मिटटी की क्या विशेषता है?

प्र-2-भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?

प्र-3-लेखिका को ध्वज कैसा लगा ?

***प्र-4-पक्ति के आशय स्पष्ट करिए- (5)**

प्र-1-जब अतिथि चार दिन तक नही गया ,तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आया ?

***प्र-5-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (6)**

प्र-1-पहले पद में रैदास ने भक्त और भगवान् की तुलना किन किन चीजों से की है?

प्र-2-मोती,मानुष और चूर के संदर्भ में पानी का महत्त्व समझाइये-

प्र-3-सुखिया के पिता पर कौन सा आरोप लगा कर उसे दंडित किया गया ?

***प्र-6-पंक्ति का आशय स्पष्ट करिए- (5)**

प्र-1-'पापी ने मंदिर में घुस कर किया है अनर्थ बड़ा भारी ' भाव को स्पष्ट करिय-

***प्र-7-अ-गिल्लू का उपचार लेखिका ने किस प्रकार किया ?उसके बाद गिल्लू की क्या दिनचर्या होती थी? (3)**

ब-'स्मृति 'पाठ में लेखक ने क्या काम किया ,जिससे वह भारी मुसीबत में फंस गया ? (3)

(खंड-4-लेखन भाग)

***प्र-8-निम्नलिखित बिन्दुओं संकेत के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (6)**

1-अ:मनुष्यता के लिए खतरा-ग्लोबल वार्मिंग-

*ग्लोबल वार्मिंग क्या है ?

*ग्लोबल वार्मिंग के कारण

*ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव

*समस्या का समाधान।

ब-दिनोंदिन बढ़ती महँगाई:-

*महगाई से आदमी और समाज पर प्रभाव

*कारण

*महगाई रोकने के उपाय

*सरकार के कर्तव्य-

***प्र-9-पत्र-** **(5)**

अ-आपका मित्र अपनी कक्षा में प्रथम आया है ,उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए-

या

ब-आप के क्षेत्र में बहुत गंदगी फ़ैल रही है,पिछले कुछ दिनों से कचरा उठानेवाली गाडी भी नही आ रही है,नगरपालिका के सफाई विभाग के अध्यक्षजी को पत्र लिखिए-

***प्र-10-आप के विद्ध्यालय में चित्र-प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,एक सूचना पत्र लिखिए-** **(5)**

***प्र-11-आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक कार का विज्ञापन तैयार करिए-** **(5)**

***प्र-12-अपनी माँ और दूधवाले के बीच के संवाद लिखिए-** **(5)**